卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 349 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर;ऊधमसिंहनगरद्ध ♦बृहस्पतिवार ♦25 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

## चतुर्थ नवरात्र



**नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कूष्माण्डा स्वरूप की पजा की जाती है। इनकी आराधना के बिना जप व ध्यान सम्पूर्ण नहीं होते।**

# पेपर लीक मामले में दो अफसरों सहित चार निलंबित

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले ने पूरे राज्य में हड़कंप मचा दिया है। इस पेपर लीक कांड के तार सीधे तौर पर परीक्षा आयोजन में तैनात अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। जांच के शुरुआती दौर में हरिद्वार के परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक व सेक्टर मजिस्ट्रेट के.एन. तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही दो पुलिस कर्मियों को भी निलंबित किया गया है। वित्त सचिव दिलीप जावलकर द्वारा जारी निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रश्न पत्र के तीन पृष्ठ परीक्षा शुरू होने के कुछ ही समय बाद परीक्षा केंद्र से बाहर पहुंच गए, जो कि प्रशासनिक विफलता और संवेदनशीलता की घोर कमी को दर्शाता है। सिर्फ तिवारी ही नहीं, बल्कि इस मामले में टिहरी के अगरोड़ा डिग्री कॉलेज में तैनात असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन को भी निलंबित कर दिया गया है। वह इस परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं में किसी रूप में संलिप्त थीं और उन पर भी ड्यूटी में लापरवाही का आरोप लगा है। उधर, हरिद्वार के एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने भी तत्परता दिखाते हुए परीक्षा केंद्र में तैनात दो पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)



## पेपर लीक मामले में खालिद की गिरफ्तारी से बड़े षड्यंत्र का पर्दाफाश

देहरादून। पेपर लीक मामले में खालिद की गिरफ्तारी से धीरे-धीरे एक बड़े षड्यंत्र का पर्दाफाश हो रहा है। अब यह साफ होता जा रहा है कि यह केवल एक व्यक्ति की साजिश नहीं थी, बल्कि एक सुनियोजित नेटवर्क का हिस्सा था, जिसका मकसद समाज में अशांति फैलाना, युवाओं को गुमराह करना और राज्य की शांति व विकास की राह में बाधा डालना था। जांच एजेंसियों के सामने लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं, जिनसे पता चलता है कि इस पूरे षड्यंत्र के पीछे संगठित गिरोह सक्रिय थे। इस गिरफ्तारी से यह संदेश गया है कि चाहे षड्यंत्र कितना भी गहरा क्यों न हो, कानून की पकड़ से कोई बच नहीं सकता। सरकार और सुरक्षा एजेंसियां पूरी गंभीरता से इस मामले की तह तक पहुँच रही हैं ताकि न केवल खालिद, बल्कि उसके जैसे सभी साजिशकर्ताओं को बेनकाब किया जा सके। यह कार्रवाई उन लोगों के लिए भी चेतावनी है (शेष पृष्ठ सात पर)

## अवैध असलहों के साथ युवक दबोचा



काशीपुर। थाना आईटीआई पुलिस ने 24 सितंबर 2025 को अवैध हथियार रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। शिकायत कर्ता त्रिलोक सिंह, निवासी दभौरा मुस्तकम ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र तरनजीत सिंह, जो नशे का आदी है और उसका व्यवहार ठीक नहीं है, कई दिनों से घर की जमीन अपने नाम करने की जिद कर रहा था। शिकायतकर्ता ने कहा कि तरनजीत ने उसे जान से मारने की ध मकी दी थी और घर में दो-तीन तमंचे छिपाकर रखे हैं, जिन्हें कभी-कभी दिखाकर डराता रहता था। सूचना मिलने पर थाना आईटीआई के थानाध्यक्ष के आदेश और उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# तहसील में अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई

### तहसीलदार सहित तीन कार्मिकों पर गिरी गाज, सीएम के निर्देश के बाद हुआ एक्शन

देहरादून/हल्द्वानी। हल्द्वानी तहसील में क्या हो रहा है ? ये कानूनगो घर से तहसील कैसे चला रहा है ? ये सवाल जब सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासनिक अधिकारियों से पूछे तो जिला प्रशासन हरकत में आया और उसके बाद तबादलों और निलंबन की कारवाई शुरू हुई। उल्लेखनीय है कि हल्द्वानी तहसील को लेकर सीएम धामी के पास लगातार शिकायतें आ रही थी उन्होंने इस बारे में कुमायूं आयुक्त को रिपोर्ट देने को कहा जिसके बाद, आयुक्त कुमाऊँ मण्डल द्वारा किए गए निरीक्षण में मिली अनियमितताओं का संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट शासन और जिला अधिकारी नैनीताल को भेजी जिसके बाद जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह द्वारा विभिन्न कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिष्ट को तहसीलदार हल्द्वानी के पद से स्थानांतरित किया गया है तथा उनके विरुद्ध विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित की गई है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष जून माह में जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा किए गए वार्षिक निरीक्षण में भी तहसीलदार हल्द्वानी के कार्यालय व न्यायालय कार्य में विभिन्न अनियमितताएँ पाई गई थीं, जिस पर उन्हें कठोर चेतावनी देते हुए कार्यप्रणाली में सुधार हेतु एक माह का समय दिया गया था। चेतावनी के बाद भी आयुक्त कुमाऊँ मण्डल के निरीक्षण में गंभीर खामियाँ पाई गईं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि तहसीलदार द्वारा न तो अपनी कार्यप्रणाली में सुधार किया गया और न ही अधीनस्थ कार्मिकों पर नियंत्रण रखा गया। फलस्वरूप दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि उनके सेवा अभिलेख में अंकित की जाएगी। हल्द्वानी तहसील में कार्यरत सर्वे कानूनगो अशरफ अली को हल्द्वानी तहसील से अवमुक्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा उन्हें उनके मूल जनपद ऊधम सिंह नगर वापिस किया गया है तथा उनके निलंबन की संस्तुति नियुक्ति अधिकारी, जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर को प्रेषित की गई है। डीएम ने लंबे समय से तहसील हल्द्वानी में तैनात (शेष पृष्ठ सात पर)

## छात्र संघ चुनाव में कई प्रत्याशियों के पर्चे खारिज, हंगामा



किच्छा।आदर्श महाविद्यालय में आयोजित छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया के तहत बृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की छंटनी की गई। इस दौरान उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवार स्वाति, सचिव पद के उम्मीदवार शाहजेब तथा कोषाध्यक्ष पद की उम्मीदवार मुस्कान के नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद्द कर दिए गए। वहीं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए मोहम्मद तारीफ का नामांकन मान्य पाया गया। साहित्य परिषद सहित अन्य पदों पर भी कई छात्रों के नामांकन रद्द किए गए, जिससे छात्र-छात्राओं में आक्रोश देखने को मिला। नामांकन रद्द होने से नाराज छात्र महाविद्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की। चुनाव प्रभारी नरेश कुमार गंगवार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा परिषद एवं सुप्रीम कोर्ट की नियमावली के अनुसार प्रत्याशियों के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इस मानक के अनुपालन हेतु प्रत्याशियों की विगत वर्ष एवं वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की उपस्थिति का परीक्षण किया गया। जिन छात्रों की उपस्थिति निर्धारित मानक से कम पाई गई, उनके नामांकन पत्र नियमानुसार रद्द कर दिए गए। उन्होंने(शेष पृष्ठ सात पर)

## नामांकन के दौरान फायरिंग और बवाल के मामले में रिपोर्ट दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। डिग्री कॉलेज रुद्रपुर में छात्रसंघ चुनावों के नामांकन के दौरान बुधवार को हुए बवाल के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बता दें बीते दिवस कॉलेज के मुख्य गेट के बाहर अचानक दो गुटों में विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते सड़क पर जमकर मारपीट और फायरिंग शुरू हो गई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। एंबुलेंस, स्कूल बसें, रोडवेज की गाड़ियाँ और अन्य आवश्यक सेवाएं जाम में फंस गईं। पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो संदिग्ध वाहनों को कब्जे में लिया है और रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रसंघ चुनाव के नामांकन के मद्देनजर कोतवाली रुद्रपुर से अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल गणेश धानिक, पीएसी के महिला व पुरुष पुलिसकर्मी, तथा वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन बुधानी समेत पूरी टीम डिग्री कॉलेज मुख्य गेट पर तैनात थी। दोपहर करीब 1:15 बजे नामांकन के बाद दोनों प्रमुख प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ कॉलेज गेट के बाहर मुख्य सड़क पर जमा हो गई। इस भीड़ में बड़ी संख्या में छात्रों के अलावा बाहरी लोग भी शामिल थे। जब पुलिस ने उन्हें सड़क से हटने और यातायात बाधित न करने को कहा, तो दोनों गुट झां इंटर कॉलेज की ओर बढ़े और हाईवे पर पहुंचकर आपस में भिड़ गए। इसी दौरान जस्सी कचूरा निवासी अर्जुनपुर ने दूसरे गुट की ओर असलहा निकालकर फायरिंग कर दी। जवाब में सतपाल लाहौरिया उर्फ पिंदर निवासी लालपुर ने भी फायर किया। दोनों गुटों में जमकर मारपीट, गाली-गलौच और मारपीट हुई। फायरिंग से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया और नेशनल हाईवे पूरी तरह से बाधित हो गया। (शेष पृष्ठ सात पर)

# ‘बड़े बवाल’ को आमंत्रण देती पुलिस की कार्यशैली

### काशीपुर के बाद रुद्रपुर में भी जमाव और बवाल के कनेक्शन का अंदाजा लगाने में असफल रही पुलिस

**-अर्श-**



रुद्रपुर। अक्सर ही देखा गया है कि जरा- सी असावधानी के चलते कोई जन जमाव, उपद्रव में और उपद्रव बड़े बवाल में तब्दील हो जाता है। ऐसे में किसी क्षेत्र विशेष में होने वाले जन जमाव को लेकर पुलिस प्रशासन पहले ही आवश्यक प्रबंध कर लेता है और जन जमाव के दौरान कानून व्यवस्था को बिगड़ने से बचाने के लिए अतिरिक्त सावधानी भी बरती जाती है। मगर बीते दिनों काशीपुर में आई लव मोहम्मद जुलूस को रोकने के दौरान पुलिस पर हुए आक्रमण और गुजरे दिन रुद्रपुर में छात्रों के नामांकन जुलूस के बीच हवाई फायरिंग जैसी गंभीर घटनाओं को देखते हुए ऐसा जान पड़ने लगा है जैसे उधम सिंह नगर का पुलिस प्रशासन जन जमाव की पूर्व सूचना पर ना तो कोई अग्रिम तैयारी ही करता है और ना ही हालात बेकाबू होने के बाद की स्थिति से निपटने की किसी रणनीति का निर्माण। और तो और ऐसे किसी जन जमाव अथवा प्रस्तावित जुलूस के पहले प्रशासन की लोकल इंटेलिजेंस यूनिट भी अपना काम बखूबी नहीं करती। बीते रोज रुद्रपुर में छात्रों की नामांकन रैली के बीच हुई परस्पर हवाई फायरिंग की घटना को ही लें, तो पुलिस को यह पहले ही मालूम था कि छात्रों की नामांकन रैली में अच्छी खासी संख्या में छात्र एकत्रित होंगे। ऐसे में छात्रों की नामांकन रैली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जानी चाहिए थी, लेकिन जब छात्रों दो गुटों के बीच संघर्ष की स्थिति निर्मित हुई तो मौके पर आवश्यक पुलिस बल मौजूद नहीं था ।गनीमत तो यह रही कि छात्रों के दोनों गुटों के बीच केवल हवाई फायरिंग ही हुई ।अगर कहीं यह फायरिंग एक दूसरे को टारगेट करके की जाती तो हालात और भी विस्फोटक हो सकते थे। खास बात तो यह है कि अभी हाल में ही छात्र संघ चुनाव की आपसी रंजिश के चलते रुद्रपुर में ही एक छात्र गोली मारकर घायल कर दिया गया था। उपरोक्त घटना को ध्यान में रखते हुए पुलिस को तो छात्रों को के जुलूस को लेकर वैसे ही अतिरिक्त सावधानी रखनी चाहिए थी। मगर पुलिस ने छात्रों की नामांकन रैली को बड़े ही हल्के में लिया नतीजतन जुलूस में हवाई फायरिंग जैसे हालात निर्मित हो गए। पुलिस द्वारा ऐसी ही लापरवाही पिछले दिनों काशीपुर में आई लव मोहम्मद जुलूस को रोकने की कोशिश के दौरान भी की गई। तब पुलिस एक बेहद संवेदनशील इलाके में बिना किसी तैयारी के ,एक ऐसे जन जमाव को तितर बितर करने की मंशा से मौके पर पहुंची थी, जो पहले से ही उपद्रव के लिए कुख्यात है। नतीजा यह हुआ की पुलिस की समझाइश पर उपद्रवियों ने पुलिस कर्मियों पर आक्रमण कर दिया तथा पुलिस के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# परीक्षा प्रकरण की होगी एसआईटी जांच

## हाईकोर्ट के रिटायर जज करेंगे एसआईटी जांच की निगरानी, एक माह में सरकार को रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। बीते रविवार को सम्पन्न उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में सामने आई शिकायतों की जांच एसआईटी करेगी। यह जांच हाईकोर्ट के रिटायर जज के पर्यवेक्षण में सम्पन्न की जाएगी। मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन ने बुधवार को मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार के लिए परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और शुचिता के साथ ही अभ्यर्थियों का हित सर्वोपरी है। इसी क्रम में गत रविवार को सम्पन्न परीक्षा में सामने आई शिकायतों की जांच एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में गठित एसआईटी द्वारा कराई जाएगी। उक्त एसआईटी का कार्यक्षेत्र पूरा प्रदेश होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि जांच निष्पक्ष ढंग से हो इसके लिए यह भी एसआईटी जांच की निगरानी हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज के द्वारा की जाएगी। सेवानिवृत्त जज और एसआईटी सभी जिलों में जाएंगे, इस दौरान कोई भी व्यक्ति उन तक परीक्षा से संबंधित तथ्य और सूचना दे सकता है। उन्होंने बताया कि जांच एक माह में सम्पन्न की जाएगी, तब तक के लिए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से परीक्षा के संबंध में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एसआईटी जांच में दोषी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो इसके लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही विवादों के केंद्र में स्थित



हरिद्वार के परीक्षा केंद्र पर जिस भी व्यक्ति की लापरवाही सामने आती है, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए छात्रों का हित सबसे ऊपर है। साथ ही यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि छात्रों और आमजन का परीक्षा प्रणाली पर भरोसा बना रहे। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 में कथित नकल के आरोपों की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा एक विशेष अन्वेषण दल गठित किया गया है। यह दल मामले की समुचित जांच करेगा और एक माह के भीतर शासन को अपनी आख्या प्रस्तुत करेगा। विशेष अन्वेषण दल एसआईटी में श्रीमती जया बलूनी, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, देहरादून अध्यक्ष के रूप में शामिल हैं। सदस्य: श्री अंकित कंडारी, क्षेत्राधिकारी, देहरादून, सदस्य: श्री लक्ष्मण सिंह नेगी, निरीक्षक, स्थानीय अभिसूचना इकाई, देहरादून, सदस्य: श्री गिरीश नेगी, उप निरीक्षक / थानाध्यक्ष, रायपुर, देहरादून एवं सदस्य: श्री राजेश ध्यानी, उप निरीक्षक, साईबर पुलिस स्टेशन, देहरादून शामिल होंगे। अध्यक्ष समय-समय पर यथासम्भव अन्य अधिकारियों और विशेषज्ञों का सहयोग भी ले सकते हैं। विशेष अन्वेषण दल का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण प्रदेश होगा और यह विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचना, शिकायत, तथ्य आदि का परीक्षण करेगा। इस दल द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी, और एक माह के भीतर इसकी रिपोर्ट शासन को सौंप दी जाएगी। शासन इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगा। वही पेपर की फोटो बाहर आने के मामले में शासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी निलंबित किया है। वह अब आयुक्त कार्यालय पौड़ी संबद्ध रहेंगे। परीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने के चलते की यह कार्रवाई की गई है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का जॉच अभियान जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नवरात्रि पर्व के मध्यनगर आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड, अपर आयुक्त, एवं उपायुक्त, कुमांऊ मण्डल, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद नैनीताल क्षेत्र में कार्यवाही की गयी। चलाये गये अभियान में विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हल्द्वानी एवं रामनगर, हल्द्वानी ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 18 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी जनपद से विभिन्न खाद्य पदार्थो यथा दूध का 02, कुट्टू आटा के 04, साबुदाना 01, तेल घी 02, अन्य 04 कुल 13 नमूने जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये है। अजब सिंह रावत, सहायक आयुक्त/अभिहित अधिकारी, खाद्य



संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, नैनीताल द्वारा बताया गया कि त्योहारी सीजन में नियमित रूप से खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा आम जनता से अपील की गयी है कि त्यौहारी सीजन में प्रयोग होने वाले खाद्य पदार्थ पैकेट बन्द लेबल को पढने के बाद ही खरीदें। व्यापारियों के साथ कुट्टू के आटे के संबंध में गोष्टी/ जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया है। निरीक्षण एवं नमूना संग्रह टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अभय कुमार सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, असलम खाँ, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नन्दकिशोर आदि शामिल रहे। निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## स्वयंसेवियों ने मनाया एन एस एस स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पीएम श्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर के स्वयंसेवियों ने आज बड़े धूमधाम से एन एस एस स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर को साफ सुथरा बनाने का प्रयास किया। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर विद्यालय के सेवित क्षेत्र रमपुरा, प्रीत विहार, अपना एनक्लेव, बरार कॉलोनी इत्यादि क्षेत्रों में घूम घूम कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवी ष हम सब का है एक ही सपना, स्वच्छ भारत हो देश अपनाष ष हम सब ने यह ठाना है, शहर को स्वच्छ बनाना हैष इत्यादि नारे लगाकर लोगों को जागरुक कर रहे थे। तत्पश्चात विद्यालय में स्वयंसेवियों ने एनएसएस से संबंधित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें स्वयंसेवी सुमित ने एनएसएस के उद्देश्य तथा महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वयंसेवियों ने एनएसएस लक्ष्य गीत



तथा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन छात्र कमांडर विष्णु सिंह, अरुण कुमार, आयुष, अर्पित गंगवार तथा दिनेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना से होने वाले लाभ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का देश के विकास में योगदान पर विस्तार से स्वयंसेवियों को अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा, राजपति बिंद , यतेंद्र सिंह यादव, शंकर दत्त पाठक, प्रमोद बाबू शर्मा, डी के शुक्ला, गोविंद सिंह बिष्ट, पूजा बत्रा, विनीता दुबे, जगदीश भट्ट , वीरेंद्र ध्यानी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र उपस्थित थे।

## चिकित्सा शिविर में 22599 लाभार्थी हुए लाभान्वित

रूद्रपुर। 'स्वस्थ नारी, सशक्त भारत' स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 191 चिकित्सा केंद्रों एवं शिविरों में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 22,599 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविरों में विशेष रूप से गंभीर रोगों की स्क्रीनिंग पर जोर दिया गया। इसमें हाइपरटेंशन के 7318, मधुमेह के 7422, सर्वाइकल कैंसर के 26, ब्रेस्ट कैंसर के 1557, तथा ओरल कैंसर के 4255 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की गई। शिविरों के दौरान ई रक्तकोष हेतु 662 लोगों ने पंजीकरण कराया, जबकि 87 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त, 2690 गर्भवती महिलाओं ने एएनसी चेकअप, तथा 3215 किशोरियों को माहवारी स्वच्छता से संबंधित परामर्श प्रदान किया गया। 208 लाभार्थियों को पोषण संबंधी



काउंसिलिंग, और 417 को एमसीपी कार्ड वितरित किए गए। टीबी के प्रति जागरूकता और जांच अभियान के तहत 4489 लोगों की जांच की गई, साथ ही 106 नि:क्षय मित्रों का पंजीकरण भी किया गया। जनपद में कुल 259 लाभार्थियों की आभा आईडी बनाई गई, जबकि 329 की पहचान शिविर स्थल पर ही की गई। शिविरों में 12,465 लोगों को जनस्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई। इस क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल ने आईजीएल काशीपुर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक लाभार्थी को उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से लाभान्वित हो सकें।

## साहू समाज ने किया स्वरोजगार शिविर का आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।महिला साहू समाज जन कल्याण समिति द्वारा साहू समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए स्वरोजगार से संबंधित धूपबत्ती अगरबत्ती एवं संब्रानी कप तथा ऐपण के डिजाइन का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि गणपति सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती दया सनवाल ने किया। संस्था ने वरिष्ठ महिला नागरिकों को



स्मृति चिन्ह तथा पटका पहनाकर का सम्मान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। महिलाओं को ऐपण डिजाइन तथा धूपबत्ती संब्रानी धूप की विस्तृत जानकारी दी गई।श्रीमती दया सनवाल ने लघु उद्योग सेवा संस्थान तथा नगर निगम से लोन एवं समूह के बारे में तथा अपना उद्योग घर बैठे खुद से कैसे शुरू करें के बारे में बताया।महिला अध्यक्ष श्रीमती शशि साहू ने कहा कि आज के समय में महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। हमारी संस्था महिलाओं को इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान करने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर प्रशिक्षक ममता जोशी, समिति की महामंत्री पूजा साहू, नीतू राठौर, सुनीता साहू, वंदना साहू, प्रियंका राठौर, बीना साहू, लक्ष्मी साहू, निधि साहू, प्रगति साहू, पलक साहू, रूपा साहू, ममता साहू, रिंकी साहू, मनीषा साहू, सोनम साहू, कमलेश साहू, आदि सदस्य मौजूद रहे।

## जी.डी. गोयनका स्कूल में स्काउट-गाइड कार्यशाला आयोजित

रुद्रपुर। जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को विधिवत रूप से किया गया। यह कार्यशाला 24 से 26 सितंबर तक आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, आत्मनिर्भरता, सेवा भाव और अनुशासन जैसे गुणों का विकास करना है। कार्यशाला का शुभारंभ प्रात: 8:30 बजे हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल रूपाली पुरी, चेयरमैन श्री अतुल गोयल, और अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती रुचि गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यशाला में स्काउट एवं गाइड के विविध गतिविधियों का संचालन स्काउट प्रशिक्षक श्री प्रेम पाल सिंह के निर्देशन में किया जा रहा है। स्काउट मास्टर श्री दुर्गेश और गाइड मास्टर सुश्री सुमन रावत कार्यशाला में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यशाला



के इंचार्ज श्री गुरुविंद्र हैं, जो संपूर्ण कार्यक्रम की निगरानी कर रहे हैं। कार्यशाला के दौरान दीप प्रज्वलन, पौधारोपण, मोमेंटो और स्कार्फ वितरण, तथा अन्य सांकेतिक और शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को टीम वर्क, अनुशासन और समाज सेवा के प्रति जागरूक बनाना है। इस अवसर पर चेयरमैन अतुल गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला छात्रों के कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमताओं को निखारने का एक उत्कृष्ट अवसर है। स्काउट-गाइड के सिद्धांत विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन और सेवा की भावना से कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी देते हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल रूपाली पुरी ने कहा कि जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल केवल शैक्षिक उत्कृष्टता पर ही नहीं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देता है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे गुणों का निर्माण करना है। स्काउट-गाइड जैसी गतिविधियाँ इसी दिशा में एक सार्थक प्रयास हैं।

## विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 28.76 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अंतर्गत विकास खण्ड मोरी के ग्राम पंचायत ओडाठा के बामसू गांव में महासू देवता के पास सौन्दर्यीकरण एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किये जाने हेतु 99 लाख तथा विकासखण्ड मोरी के महासू देवता मंदिर ठडियार के सौन्दर्यीकरण एवं सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य हेतु 01 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अंतर्गत ग्राम सभा मदकोट में शिव मंदिर सौन्दर्यीकरण किये जाने हेतु 27 लाख के साथ ही जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के अंतर्गत सती शिरोमणी माता अनसूया मंदिर का सौन्दर्यीकरण किये जाने हेतु 1.50 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून सत्र 2025 में अत्यधिक वर्षा/अतिवृष्टि के कारण विभिन्न क्षेत्रों में आयी प्राकृतिक आपदा के कारण हुई हानि से राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ हेतु मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मद में 15 करोड़ तथा जनपद चमोली हेतु राहत एवं बचाव मद में 05 करोड़ व मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मद में 05 करोड़, इस प्रकार जनपद चमोली को कुल 10 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# 'सितारे उत्तराखण्ड के' महोत्सव में प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की सांस्कृतिक धरती रविवार को सितारों की चमक से जगमगा उठी। भूरारानी रोड स्थित द्वारका फार्म हाउस, सिटी वन में 21 सितम्बर को आयोजित 'सितारे उत्तराखण्ड के' भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन विजेताओं के नाम की घोषणा और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। एसवी प्रोडक्शन हाउस एवं टाईकून डांस एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों की छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में गायन, मॉडलिंग, डांस और किड्स फैशन शो की शानदार प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से निर्णायक मंडली और दर्शकों का दिल जीत लिया। निर्णायक मंडली में हिप हॉप इंडिया 2019 के विजेता और विश्वविख्यात डांसर अमन शाही, सिंगिंग जज के रूप में मुकेश दीक्षित, किड्स फैशन शो जज अश्विनी शर्मा, मॉडलिंग में सिमरन कौर, ठाकुर जतिन सिंह, भार्गव आदि कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। जूनियर वर्ग में परिधी अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल कर कैश प्राइज जीता। द्वितीय स्थान पर अतुल और तृतीय स्थान पर दिनेश राठौर रहे। सीनियर वर्ग में संतोष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनाश सिंह द्वितीय और गौरव तृतीय स्थान पर रहे। फीमेल मॉडलिंग में खुशी विजेता बनीं, गौरी ने दूसरा और आलिया ने तीसरा स्थान पाया। मेल मॉडलिंग में फैय्ज शेख ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दीपक चौधरी द्वितीय और तारिक तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर मॉडलिंग में नवीन पहले, संधू क्रंप दूसरे और प्रज्ञा शर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। सीनियर मॉडलिंग वर्ग में हरदेव दास विजेता बने, जबकि अभिषेक पॉपपर दूसरे और जसप्रीत कौर तीसरे स्थान पर रहीं। डुएट डांस में गोल्डन बॉयज ने बाजी मारी। डीएस लॉकर्स द्वितीय और संस्कृति व अद्रिका अग्रवाल की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। क्रू डांस श्रेणी में इमोशनल क्रू विजेता रहा। डांस विद मी ग्रुप ने दूसरा और अश्विनी शर्मा ग्रुप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नन्हे प्रतिभागियों में अफाम ने पहला, प्रिशा ने दूसरा और म्यारा अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजेताओं को आकर्षक उपहारों और नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट गूँजती रही।आयोजक वसुधा सिंह और सोनू मौर्या ने विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस मंच से कई युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सितारे उत्तराखण्ड के सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की छुपी प्रतिभाओं को नई उड़ान देने का प्रयास है।





# एसएसपी ने कई निरीक्षको व उप निरीक्षकों के किए तबादले

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जिले की कानून व्यवस्था के मद्देनजर व अपराधियों पर नकेल कसने हेतु लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।जिससे नैनीताल जिला अपराध मुक्त हो सके और आम जनमानस में सुरक्षा का माहौल और अपराधियों में पुलिस के प्रति भय उत्पन्न हो। इसी क्रम में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा का अनेक निरीक्षकों व उप निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षक हरपाल सिंह प्रभारी एसओजी, एएनटीएफ, साईबर सैल से प्रभारी निरीक्षक थाना चोरगलिया, निरीक्षक विजय मेहता प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी से प्रभारी एएनटीएफ, निरीक्षक अरुण कुमार सैनी प्रभारी निरीक्षक रामनगर से प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी, निरीक्षक राजेश कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ, निरीक्षक अमरचंद शर्मा पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी, निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल प्रभारी निरीक्षक लालकुआं से प्रभारी डीसीआरबी, निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह राणा प्रभारी सम्मन सेल से प्रभारी निरीक्षक लालकुआं, निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत पुलिस लाइन से प्रभारी सम्मन सैल, उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी से वरिष्ठ उप निरीक्षक रामनगर, उप निरीक्षक सोमेंद्र सिंह प्रभारी चौकी बिंदुखत्ता से थाना रामनगर, उप निरीक्षक राजेश जोशी पुलिस लाइन से एसओजी, उप निरीक्षक वीरेंद्र बिष्ट थाना मुखानी से थाना तल्लीताल, उप निरीक्षक जोगेंद्र यादव पुलिस लाइन से थाना लालकुआं, उप निरीक्षक विजय कुमार प्रभारी चौकी धानाचूली से थाना बेतालघाट, उप निरीक्षक हरिराम थाना बेतालघाट से प्रभारी चौकी धानाचूली, उप निरीक्षक कृष्णा गिरी प्रभारी चौकी बैलपड़ाव से प्रभारी चौकी राजपुरा, उप निरीक्षक फिरोज आलम एसओजी से प्रभारी चौकी बेलपड़ाव, उप निरीक्षक आशा बिष्ट पुलिस लाइन से थाना मल्लीताल, उप निरीक्षक आरती पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी, उप निरीक्षक चंद्रशेखर कन्याल वाचक अपर पुलिस अधीक्षक नैनीताल से प्रभारी सूचना सेल का अतिरिक्त प्रभार, अपर उप निरीक्षक गणेश सिंह राणा पुलिस लाइन से थाना भीमताल, अपर उप निरीक्षक पंकज जोशी पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी, अपर उप निरीक्षक त्रिभुवन सिंह थाना भीमताल से थाना भवाली, अपर उप निरीक्षक सुरेश कन्याल प्रभारी सूचना सेल से थाना भवाली, अपर उप निरीक्षक कु0 आशा शर्मा पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी स्थानांतरित किए गए। जबकि निरीक्षक यातायात महेश चंद्रा यातायात प्रभारी भवाली से यातायात प्रभारी हल्द्वानी तथा निरीक्षक यातायात शिवराज सिंह बिष्ट यातायात प्रभारी हल्द्वानी से यातायात प्रभारी भवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई।



# कुमाऊं आयुक्त ने कुष्ठ आश्रम में मनाया जन्मदिन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव माननीय मुख्यमंत्री दीपक रावत ने बुधवार को अपना जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने यह विशेष दिन हल्द्वानी बरेली रोड मोतीनगर हाथीखाल स्थित कुष्ठ आश्रम के निवासियों के बीच मनाकर उन्हें मिठाई खिलाई और वस्त्र वितरित किए। इस दौरान आश्रम के बच्चों और रोगियों के चेहरों पर खासा उत्साह देखने को मिला।आयुक्त श्री रावत ने आश्रम में रह रही 23 महिलाओं, 9 पुरुषों और उनके बच्चों से संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं।



निवासियों ने आश्रम भवनों की मरम्मत और आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी। वहीं, एक व्यक्ति द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की मांग पर आयुक्त ने तत्काल सीएमओ को निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि आश्रम में रहने वाले सभी लोगों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर तहसीलदार मनीषा बिष्ट सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। आयुक्त रावत ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। आश्रमवासियों ने भी आयुक्त को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# मेयर विकास ने फल विक्रेताओं को किया व्यवस्थित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में गुड़ मंडी से फल ठेली को हटाने के बाद लघु व्यापार एसोसिएशन नगर ईकाई द्वारा किए गए आग्रह के पश्चात मेयर विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर सभी फल विक्रेताओं की ठेलियों को व्यवस्थित कर निगम को सहयोग देने की अपेक्षा की। लघु व्यापार एसेसिएशन रूद्रपुर अध्यक्ष सुरेश शर्मा व जिलाध्यक्ष गुलशन नारंग के नेतृत्व में फल विक्रेताओं ने मेयर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि गुड मंडी के फल विक्रेता लगभग 25-30 वर्षो से फल की ठेली लगाकर अपना एवं अपने परिवार वालो का भरण पोषण करते आ रहे है। पूजीपतियो व्यापारियों के दबाव में आकर गरीब बेली वालो को हटाया जा रहा है जो कि उनके साथ अन्याय है। उन्होंने कहा लघु व्यापार एसोसिएशन काफी वर्षों से नगर निगम द्वारा चिन्हित की गयी जगहो पर शीघ्र से शीघ्र दूसरा बैन्डिंग जोन बनाये जाने की मांग कर रहा है। जब तक दूसरा बैन्डिंग जोन नही बन जाता है तब तक इनको ना हटाया जाये। वार्ता के बाद मेयर निगम अधिकारियों के साथ गुड़ मंडी पहुंचे जहां उन्होंने फल ठेलियों को व्यवस्थित किया। इस दौरान रिंकू सागर, अजीत मंडल, प्रेम कोली, ओमपाल, राजू कोली, अपूर्वा, रामबाबू, ओमी, गोविंदा, किशन, दीपक, सोनू, महिलाल, भीकम लाल, प्रताप, रामवीर, लेखराज, गिरीराज, मनोज, मुरारी, राकेश, अनिल, मुकेश, प्रकाश आदि फल विक्रेता मौजूद थे।



# मेगा मार्ट से बाईक चोरी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने 20 सितम्बर की दोपहर विशाल मेगा मार्ट स्थित एयरटेल ऑफिस के पास खड़ी मोटरसाईकिल संख्या यूपी 25 सीसी 9766 चोरी कर ली। वाहन स्वामी रामवीर सिंह पुत्र छविनाथ निवासी दुर्गा विहार फुलसुंगा ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।




# सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी पार्क में चला वृहद स्वच्छता अभियान

## महापौर ने स्कूली बच्चों को बनाया गया निगम का ब्रांड एंबेसडर

रूद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' के तहत गुरुवार को नगर निगम रुद्रपुर की ओर से गांधी पार्क परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के नेतृत्व में नगर निगम कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और शहर के सामाजिक संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। अभियान की शुरुआत सुबह गांधी पार्क में महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने झाड़ू उठाकर की। इसके बाद निगम कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और समाजसेवियों ने मिलकर पूरे पार्क में फैले कूड़े-कचरे को हटाया। पार्क में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं को साफ कर चमकाया गया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अभियान में शामिल हुए बच्चों को नगर निगम का 'ब्रांड एंबेसडर' घोषित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच और दृष्टिकोण ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देशभर में स्वच्छता की क्रांति का शंखनाद किया। उन्हीं की प्रेरणा से आज हम गांधी पार्क जैसे सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी का यह सपना है कि भारत विश्व में स्वच्छता के क्षेत्र में एक मिसाल बने, और इस दिशा में हर नागरिक का योगदान अनिवार्य है। महापौर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखण्ड में स्वच्छता और विकास कार्यों को गति दी है। मुख्यमंत्री धामी युवाओं की सोच को आगे बढ़ाते हुए हर जनपद में विकास और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। आज उनके नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है और स्वच्छता को लेकर विशेष मुहिम चलाई जा रही है। महापौर ने आगे कहा कि निगम ने हाल ही में सेवानिवृत्त शिक्षकों को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया था ताकि उनके अनुभवों का लाभ लिया जा सके। अब जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए स्कूली बच्चों को भी ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को आगामी '2 अक्टूबर' को सम्मानित किया जाएगा और निगम की ओर से आईडी कार्ड भी प्रदान किए जाएंगे। ये बच्चे भविष्य में निगम की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का चेहरा बनेंगे और समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे। महापौर ने अंत में शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल निगम या सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि हम सबका सामूहिक कर्तव्य है। यदि हर नागरिक अपने घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प ले तो रुद्रपुर को प्रदेश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का विशेष महत्व है। नगर निगम का लक्ष्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि जनता को इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना भी है। हम चाहते हैं कि लोग स्वयं भी स्वच्छता को अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। स्वच्छता ही स्वस्थ और खुशहाल समाज की कुंजी है। अभियान में उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल, रणदीप, मनोज कर्नाटक, पार्षद पवन राणा, सुरेश गोरी, विजय कुमार, सोनू मुलतानी सहित कई वार्डो के पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएँ शामिल रहे।



# बोले सुमन्त.. सोता ही छोड़ प्रेमियों को, राघव का जाना अनुचित है

## सुमंत की वापसी, राम की भील राजा गुह से भेंट, राम केवट संवाद, दशरथ मरण तक की लीला का हुआ भावपूर्ण मंचन







रूद्रपुर। नगर की प्रमुख बस अड्डे वाली रामलीला में आज सुमंत की वापसी, राम की भील राजा गुह से भेंट, राम केवट संवाद, दशरथ मरण तक की लीला का भावपूर्ण व सुंदर मंचन हुआ। आज दीप प्रज्जवलन नगर के समाजसेवी एवं सिंह फीजियोथेरेपी एवं रिहेब सेंटर के एमडी डा० धनंजय सिंह नें अपनी धर्मपत्नी अंजू सिंह, सुपुत्र रूद्रांश सिंह एवं सुपुत्री दिव्यांशी सिंह सहित सपरिवार किया। श्रीरामलीला कमेटी नें सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर एवं श्री गणेश जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। प्रथम दृश्य में राम वनों को प्रस्थान करते हैं तो सैंकड़ो अयोध्या वासी भी प्रभु श्रीराम के साथ साथ हो लेते है। अयोध्या की सरहद पर जाते जाते रात्रि घिर आती है। राम सभी को रात्रि विश्राम करनें को कहते है। जब सब अयोध्यावासी गहरी निद्रा में होतें है तो राम मंत्री सुमन्त को जगाते हैं और उन्हें कहते हैं कि आगे का सफर उनको केवल सीता और लक्ष्मण के साथ करना है, इसलिये आप साथ आये सभी अयोध्यावासियों को वापस लें जायें। यह सुनकर मंत्री सुमन्त दुखी हो जाते है और राम के पैरों में गिरकर वापस आनें की प्रार्थना करते हैं कहते है हो गयी कैकयी की आज्ञा, वन में प्रभु आप विराज चुके, बहुतेरे हृदय गगन पे प्रभु, वरदानों के धन बाज चुके। सुमन्त सिर पटकते रह जाते है लेकिन पिता को दिये वचन से बंधे राम नहीं मानते और अयोध्या की सरहद पार कर वनों में चले जाते है। प्रात:काल होनें पर अयोध्यावासी जागते है तो वहां राम को न पाकर कोहराम मच जाता है। रोते बिलखते अयोध्यावासी वापस नगर आ जाते है। इधर वनों में प्रवेश करते ही राम की मुलाकात जंगल के भील राजा गुह से होती है। दोनों एक दूसरे को अच्छी तरह से जान जाते है और मित्र बंधन में बंध जाते है। आगे गंगा नदी के तट पर राम की मुलाकात केवट मल्लाह से होती है। राम केवट से गंगा पार करानें का अनुरोध करते है तो केवट उनसे कहता है कि आप तो पूरी दुनिया को तारनें वाले है, यह नाव ही मेरी रोजी रोटी और परिवार को चलानें का जरिया है, इसलिये आपको पहलें अपनें चरणों को धुलवाना होगा। अपनें भक्त केवट की हठ के आगे प्रभु राम मुस्कुराते हुये हां कह देते है। केवट की खुशी का ठिकाना न रहा। वह खुशी खुशी राम को गंगा पार कराते है। जब राम उन्हें पारिश्रमिक के रूप में सीताजी की अंगूठी देते हैं तो उसे केवट पारिश्रमिक स्वीकार करने से मना कर देता है। वह कहता है इसके बदले आपकों मुझे सपरिवार भवसागर पार कराना होगा। राम आर्शीवाद की मुद्रा में केवट के सर पर हाथ रखते है। चतुर मल्लाह केवट की खुशिओं का ठिकाना नहीं रहता, क्योंकि उसनें अपने



परिवार तक को भवसागर से पार करानें का वचन प्रभु से ले लिआ था। उधर अयोध्या के राजमहल में राजा दशरथ का राम की याद में रो रोकर बुरा हाल हो चुका है। कोई दवा काम नही कर रही। कोई दिलासा उन्हें सहारा नहीं दे रही। हर रानी उन्हें समझा समझा कर हार चुकी है। दिन रात केवल राम राम राम, मेरे राम, आ जाओ मेरे राम की रट लगाये दशरथ को जैसे ही सुमन्त आकर बताते है कि राम वनागमन कर गयें है, राम समझ जाते हैं कि श्रवण कुमार के माता पिता का श्राप अब पूरा होनें वाला है। राम विरह में उनकी आंखों की ज्योति चली जाती है। उन्हें भ्रम होता है श्रवण कुमार को मारा गया शब्दभेदी बाण अब उनकी तरफ आ रहा है। हृदयाघात से उनकी सांसे थम जाती हैं और पर्दा गिर जाता है। लीला में राजा दशरथ प्रेम खुराना, राम मनोज अरोरा,, केवट मल्लाह– अनिल तनेजा, सुमन्त सचिन आनन्द, राजा गुह– वैभव भुड्डी, लक्ष्मण गौरव जग्गा, सीताजी दीपक अग्रवाल, गणेश भगवान आशीष ग्रोवर आशू कौशल्या नरेश छाबड़ा, सुमित्रा का किरदार हर्ष नरूला, राजा गुह की सेना का किरदार रोहित खुराना, आयुष धमीजा, हर्ष अरोरा, शिवांश कोहली, शौर्य अरोरा, सक्षम दुआ, नें निभाया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के इस अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेश शर्मा, बीना बेहड़, पूर्वा बेहड़, नीलम अरोरा, अन्नू अरोरा, नोनी ग्रोवर, दलजीत सिंह, विजय जग्गा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, केवल कृष्ण बत्रा, हरीश अरोरा, अमित चावला आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रघुवीर अरोरा, सुशील गाबा, चन्द्र सचदेवा, संदीप धीर, मोहन लाल भुड्डी, विशाल भुड्डी, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, राम कृष्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, सुरेश ढींगड़ा बाबू, राजकुमार खानिजों, मनोज गाबा, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, मनोज अरोरा, गौरव जग्गा, पुलकित बांबा, गगन गाबा, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, अनमोल मिड्ढा, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, राजन राठौर, बिट्टू ग्रोवर, सनी आहूजा, विकास चोपड़ा, तरूण चोपड़ा, सुरेश, शिवम जग्गा, कर्मचन्द राजदेव, आकाश कटारिया, सनी कोहली, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, शिवांश कोहली, शौर्य अरोरा, आयुष धमीजा, नीतिश धीर, मोहन अरोरा, हर्ष अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, कुंदन, सिद्धान्त ग्रोवर, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, पुरुराज बेहड़, आशमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुष्मान सुशील गाबा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, गर्व ठक्कर, कनव गंभीर, महेश गर्ग, संजीव कामरा, राजकुमार नारंग, बल्देव राज तनेजा, लक्की जुनेजा, नैना चावला, आशीष गाबा, हैप्पी रंधावा, ग्रंथ अरोरा, आयुष्मान सुशील गाबा आदि उपस्थित थे। संचालन विजय जग्गा एवं संदीप धीर नें किया।




## आदिवासी नृत्य ने समां बांधा

रूद्रपुर। भील राजा गुह के दल ने समां बांधा भील राजा गुह एवं रामचन्द्र जी की मुलाकात से पूर्व भील राजा गुह एवं उनके दल नें जागृति आदिवासी नृत्य कर पूरा समां ही बांध दिया। इस दृश्य में दल के बच्चों की शानदार वेशभूषा, नृत्य शैली के स्टैप्स को बखूबी सराहा गया। राजा गुह का अभिनय कर रहे कलाकार वैभव भुड्डी ने बताया कि इस पूरे आदिवासी नृत्य के दृश्य की तैयारी एक माह से कोरियोग्राफर के निर्देशन में चल रही थी। राजा गुह के दल में प्रमुख रूप से मोहन अरोरा, अक्ष अग्रवाल, हर्ष अरोरा, पुरुराज बेहड़, शौर्य अरोरा, अग्रिम सचदेवा, सक्षम दुआ, आयुष धमीजा, शिवांश कोहली, राजा आदि थे।

## संदीप धीर के संचालन के सभी कायल

रूद्रपुर। रूद्रपुर की प्रमुख रामलीला में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। मंच संचालक संदीप धीर अपने सुमधुर संचालन से श्री रामलीला मैदान में उपस्थित हजारों दर्शकों को बांधे रखते है। खासतौर पर जब पर्दो की तैयारी के बीच समय होता है, तो उस समय दर्शकों को श्री रामचरित मानस के प्रसंगो, सनातन संस्कृति की विशेषताओं के साथ साथ हिंदू धर्म के प्रति जागरूग करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम का प्रतीक पुरातन सनातन संस्कृति सभी का भला चाहनें वाली संस्कृति है।



# प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी..श्री दुर्गा मंदिर में नवरात्रों की धूम







रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर में पावन नवरात्रि के तृतीय दिवस पर मां भगवती का अर्द्धरात्रि जागरण आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय गायक कलाकारों ने मां के भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। सर्वप्रथम पंड़ित नवीन शास्त्री द्वारा जजमानों श्रीमती राजरानी गांधी एवं उनके परिवारजनों के साथ मां की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात अमित अरोरा ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वन्दना के बाद फूलों की वर्षा के भजन गार्ये। मां भगवती जागरण में पहुंचने पर मंदिर समिति के सदस्यों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को सम्मानित किया। रूद्रपुर के भजन गायक अमन सांवरिया ने मैया जी मेरा दिल करदा, मेरे भवनां ते रात बितावां, मैं तेरे बिन रह नहीं सकदा मां मैंनू तेरी आदत पै गई ऐ, चरणों में चारों धाम मैया जी सोहना लगे तेरा दरबार, सारे रल मिलकर बोलो जयकारा मैया दा, तूनें मुझे बुलाया शेरां वालिए, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, लगियां रौनकां अज मैया द्वारे, मेला मैया दा लोकी नचदे खुशियां नाल, करके इशारे बुला रही है बरसाने वाली शौरी राधा गौरी, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी आदि भजन गाकर मां की महिमा का गुण गान किया। इस दौरान सारा वातावरण मां के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, किशन नारंग, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, जुगनू, कृष्ण मुरारी धीर, पवन गाबा, श्वेता गाबा, मुदित गाबा, अंजू ठक्कर, मंजू बाम्बा,आशा गाबा, मंजू बब्बर, वेद ठुकराल, श्याम मदान, नरेन्द्र अरोरा, कन्हैया लाल, हर्षित कटारिया, मोहित बत्रा, डा. नारायणदास अदलखा, कमल चिलाना, अरूण मनचंदा, राजकुमार जिंदल, मीना कालड़ा, पिम्पी कालड़ा, ज्योति गांधी, इन्द्रा यादव, मुकेश अग्रवाल, बीना वर्मा, सुमित वर्मा, सुरेन्द्र बठला, हरीश ठुकराल, प्रवीण गुलाटी, नीलम गुलाटी, एससी सिंघल, केवल कृष्ण बत्रा, रेखा अरोरा, देवेन्द्र सिंह, सन्नी बत्रा, सतीश नारंग, पिंकी गोस्वामी, गीता गुप्ता, संगीता ठुकराल, रिद्धिमा गुप्ता,.अनुष्का पुरी, पूनम अग्रवाल, दुर्गा गुप्ता, कुसुम जग्गा, कनिका गुम्बर, अंजू, अंजना मिश्रा, पंकज सुखीजा, राजकुमार सीकरी आदि मौजूद थे।

# जीएसटी में बदलाव गरीब और मध्यमवर्ग के लिए वरदान: महापौर

## नगर निगम में आयोजित हुई जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला, व्यापारियों को दी नये जीएसटी स्लैब की जानकारी

रुद्रपुर। नगर निगम सभागार में नगर निगम और राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला' में जीएसटी स्लैब में हाल ही में किए गए बदलावों की जानकारी आमजन और व्यापारियों को दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जीएसटी से जुड़ी शिकायतों के समाधान हेतु व्हाट्सएप नंबर व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया। महापौर विकास शर्मा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू हुआ 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' आज न केवल देश के व्यापारियों, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक सार्थक आर्थिक क्रांति का प्रतीक बन गया है। महापौर ने कहा कि जीएसटी के नये स्लैब से देश के हर वर्ग को लाभ पहुंचेगा। इससे मकान बनाना सस्ता होगा, रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं जैसे कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहन आदि भी अब आम आदमी की पहुंच में होंगे। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी बल्कि देश में आर्थिक सुधार की गति और तेज होगी।महापौर ने कहा कि सरकार ने इन दरों में बदलाव करके यह सिद्ध कर दिया है कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवश्यकताओं को सर्वोपरि रखा जा रहा है। महापौर ने जोर देते हुए कहा यह टैक्स स्लैब गरीब और आम आदमी के जीवन में सुधार लाने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और अब सबका विश्वास जैसी अवधारणाएं वास्तविकता बनती जा रही हैं।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि सरकार की यह नीति केवल टैक्स सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ यही आज का मंत्र है। स्थानीय व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा देने से रोजगार बढ़ेगा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने उत्तराखंड की धामी सरकार की भी सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं, जिससे राज्य तेजी से प्रगति की दिशा में अग्रसर है।राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने कार्यशाला के दौरान हाल ही में संपन्न 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य है कि व्यापारी और आम नागरिक नए टैक्स स्लैब का अधिकतम लाभ उठा सकें। हम किसी भी स्तर पर जागरूकता की कमी नहीं रहने देंगे। कार्यशालाओं और जनसंवाद के माध्यम से हम हर व्यक्ति तक नई दरों की जानकारी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।कार्यशाला में उपस्थित व्यापारी नेता नरेन्द्र अरोरा ने कार्यशाला को व्यापारियों के लिए बेहद उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं व्यापारियों की शंकाओं को दूर करने और जीएसटी प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने में मददगार हैं। इससे व्यवसाय में पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलेगा।कार्यशाला के दौरान व्यापारियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का विभागीय अधिकारियों ने बारीकी से उत्तर दिया और नये जीएसटी स्लैब के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यशाला में संयुक्त आयुक्त श्रीमती स्मिता, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त गौरव कुमार पंत, सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल, संजय उपाध्याय, सचिन चौहान, कुसुम वर्मा, दीपक राणा, मनोज छाबड़ा, पदक प्रताप सिंह, नवीन कुमार, रामबाबू सिंह, दीपक शर्मा, रोहित शर्मा, राजेश कामरा, मोहित बत्रा, विजय तोमर, बलजीत सिंह, ऋषभ अरोरा, शेखर जुयाल, संदीप सहित कई अन्य अधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे









# सांसद अजय भट्ट और विधायक शिव ने किया रामलीला मंचन का उद्घाटन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भदईपुरा में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट तथा स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शुभारंभ अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सांसद अजय भट्ट ने रामलीला मंचन की सराहना करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक ही नहीं, बल्कि मर्यादा, संयम और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि रामलीला के मंचन से समाज को नैतिक मूल्यों और संस्कारों की प्रेरणा मिलती है, जिसे आज की युवा पीढ़ी तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रथम दिन रामलीला उद्घाटन का सौभाग्य मिला, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। श्रीराम की लीलाएं मानव जीवन के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों में जुटना चाहिए। सांसद ने रामलीला के मंचन से जुड़े सभी आयोजकों, कलाकारों और समाजसेवियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसी धार्मिक गतिविधियां समाज को एकजुट करती हैं और राम नाम की अलख जगाने का कार्य करती हैं। वहीं विधायक शिव अरोरा ने मंचन का आनंद लेते हुए कहा कि भगवान गणेश वंदना से रामलीला की शुरुआत एक शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि रामलीलाएं न केवल धार्मिक आयोजनों का स्वरूप हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति, परंपरा और नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम भी हैं। आज जब समाज में नैतिक पतन और असुरक्षा का माहौल बढ़ रहा है, ऐसे समय में परिवार सहित रामलीला जैसे आयोजनों में भाग लेना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को राम के आदर्शों से परिचित कराना ही सच्ची शिक्षा है।इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से सांसद अजय भट्ट एवं विधायक शिव अरोरा को 'राम दरबार' भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भक्ति भाव और उत्सव का माहौल देखने को मिला। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में दूधिया बाबा शिवानंद महाराज, सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी, पार्षद महेंद्री शर्मा, जगदीप भाटिया, मनीष गंगवार, मन्नू शर्मा, समिति अध्यक्ष गजेंद्र राघव, हितेंद्र त्रिपाठी, शालिनी बोरा, स्वाति शर्मा, राजन राठौर, सर्जन यादव, पिंकी चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए एक करोड़ की नकद सहायता लेकर जत्था रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। तराई की सिख संगत ने एक बार फिर मानवता और सेवा भाव का परिचय देते हुए पंजाब के बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। आज गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोल मार्केट रुद्रपुर से एक करोड़ रुपये की नकद सहायता राशि लेकर एक जत्था पंजाब के गुरदासपुर जनपद स्थित डेरा बाबा नानक क्षेत्र के लिए रवाना हुआ। यह राहत राशि हल्द्वानी, रुद्रपुर, किच्छा, बहेड़ी एवं बिलासपुर की संगत द्वारा दान स्वरूप एकत्र की गई है, जो बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को पुनर्वास एवं कृषि कार्यों के लिए वितरित की जाएगी। तराई क्षेत्र का यह 18 सदस्यीय जत्था बीते 6 दिनों से पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहा है और जमीनी स्तर पर स्थिति का मूल्यांकन कर रहा है। इन स्वयंसेवकों ने डेरा बाबा नानक क्षेत्र के पांच गांवों में लगभग 500 एकड़ भूमि पर फसल की बुवाई के लिए प्रभावित किसानों की सूची तैयार की है। सहायता राशि के माध्यम से इन किसानों को गेहूं की बुवाई हेतु बीज, खाद, डीजल आदि की लागत प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए 100 से अधिक मकानों के पीड़ितों को भी आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिससे वे अपने घरों की मरम्मत कर सकें। इस जत्थे में प्रमुख रूप से तजिंदर सिंह विर्क, बलजीत सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह खैरा, निर्मल सिंह हंसपाल, विक्रमजीत सिंह, इकबाल सिंह चीमा, सुरमुख सिंह विर्क, बलविंदर सिंह, विक्रम विर्क, लक्की चड्ढा, कालू सेठी, सुरजीत बरनाला, रणजीत सिंह राणा, सरबदयाल सिंह, जसवीर सिंह उप्पल, गुरजीत सिंह चीमा, दलजीत सिंह गौराया, गुरवीर बराड़ एवं रेशम सिंह आदि थे।




# श्री राम ने सीता एवं लक्ष्मण संग कौशल्या दशरथ से ली विदाई

## सुमंत ने किया भावुक,केवट ने लगाकर गंगा पार हुए भव से पार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के छठे दिन लीला का शुभारंभ भा समाजसेवी राजू गावा,पूर्व मेयर रामपाल सिंह एवं समाजसेवी किशोर अरोरा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया,उनके साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा,राजेश कामरा,राजकुमार सीकरी,पवन गाबा "पल्ली", श्री तुलसी धाम के निर्देशक शिवा चावला,अतुल बांगा,हर्षित चावला भी उपस्थित थे।राजू गावा एवं रामपाल जी द्वारा श्री राम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा की हमें राम जी के आदर्शों का पालन करना चाहिए और अपने जीवन को उत्तम बनाना चाहिए, प्रभु श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना वाहिये , उन्होने श्री शिव नाटक क्लब को इस भव्य आयोजन पर अपनी शुभकामनायें प्रेषित कीं ।श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया,स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया । रामलीला के मंचन में राम वनवास, दशरथ से विदाई,राजा गुहु से भेंट, राम सुमंत संवाद एवं केवट द्वारा प्रभु श्री राम को गंगा पार लगाने तक की लीला का मंचन किया गया जिसमे राम की भूमिका गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,सीता नैतिक तनेजा,कौशल्या सन्नी घई,सुमित्रा सुमित कुमार,दशरथ गौरव गांधी,,कैकई भारत हुड़िया,सुमंत विशाल गुंबर, गुहु आदित्य कुमार,एवं केवट की भूमिका सागर अरोरा द्वारा की गई, मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया। श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने सभी राम भक्तों से श्री रामलीला के मंचन को देखने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।









# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आपराधिक मानहानि

अभिव्यक्ति का अधिकार लोकतंत्र का जीवन-तत्त्व है। अगर किसी भी वजह से इस अधिकार को बाधित किया जाता है, तो इसका अंतिम नुकसान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को होगा। हालांकि कई बार ऐसी स्थितियां सामने आती हैं, जब किसी व्यक्ति की टिप्पणी को उसकी अभिव्यक्ति के तौर पर देखा जाता है, लेकिन वह किसी अन्य व्यक्ति की छवि को चोट पहुंचाती दिखती है। ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, जिनमें किसी टिप्पणी को कोई व्यक्ति अपनी मानहानि के तौर पर देखता है और ऐसा करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करता है।यानी यह संभव है कि एक व्यक्ति के अपने विचारों की अभिव्यक्ति को कानून के मुताबिक किसी के खिलाफ आपराधिक मानहानि की श्रेणी में रखा जाए। मगर यह भी सच है कि इससे संबंधित कानून को स्वतंत्र आवाजों को दबाने और गैरजरूरी तरीके से परेशान करने के एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। अब सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए इस संबंध में जो कहा है, वह अभिव्यक्ति के अधिकार के संदर्भ में बेहद अहम साबित हो सकता है। एक समाचार वेबसाइट से जुड़े मामले में अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि आपराधिक मानहानि को अब अपराध की श्रेणी से हटाने का समय आ गया है। अदालत की यह टिप्पणी संबंधित वेबसाइट पर वर्ष 2016 में प्रकाशित एक लेख को लेकर दायर आपराधिक मानहानि के मामले में सामने आई। भारत उन देशों में है, जहां मानहानि को कानूनन अपराध माना जाता है। हालांकि कुछ अन्य देशों में यह मामला केवल नागरिक विवाद है, जिसमें मुआवजे की मांग की जा सकती है। भारत में इससे संबंधित कानून का असर इस रूप में देखा जाता है कि अक्सर राजनीतिक स्तर पर किसी संदर्भ में दो पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाते हैं तो उसमें कोई एक पक्ष आरोपों को अपने खिलाफ आपराधिक मानहानि बता कर कानूनी कार्रवाई की मांग करता है। ऐसे कुछ मामले हो सकते हैं, जिनमें वास्तव में जानबूझ कर किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाने की कोशिश की गई हो, लेकिन ज्यादातर मामलों में इस आरोप में घिरे व्यक्ति के खिलाफ शिकायत का कोई मजबूत आधार नहीं पाया जाता। वहीं इस कानून के तहत दर्ज मुकदमों के जरिए स्वतंत्र स्वरों को बाधित करने के मामले आम पाए जाते हैं। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को कसौटी पर रखा है।

## धूमधाम से मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जनसंघ के प्रणेता एवं एकात्म मानववाद के प्रखर प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर नगर के दीदी चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरण कर जयंती की खुशियां साझा कीं और पंडित दीनदयाल के आदर्शों एवं प्रवचनों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने "एक दिन, एक घंटा स्वच्छता के नाम" के अभियान को भी आगे बढ़ाते हुए नगर में सफाई अभियान चलाया। सभी कार्यकर्ताओं ने समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता



फैलाने का निश्चय किया और लोगों से भी स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ गोल्डी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने की बात कही थी। उनके सिद्धांत आज भी भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा की नींव हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल और संजीव खन्ना ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद आज भी प्रासंगिक है और हमें उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, ओम तनेजा, चंदन जायसवाल, धनीराम सागर, पूरन भट, त्रिलोक सिंह नेगी, कुलदीप सिंह बग्गा, महेंद्र पाल, प्रकाश पंत और श्याम बिष्ट समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर प्रतिमा स्थल पर सफाई की और क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

## किच्छा नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)। उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में नगर पालिका ने "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" अभियान का सफल संचालन प्रारंभ इंदिरा गांधी खेल मैदान से किया। अभियान का नेतृत्व सफाई अधिकारी विजय चौधरी के द्वारा किया गया। अभियान का आयोजन प्रात: 8 बजे से किया गया। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारियों ने इंदिरा गांधी खेल मैदान से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई, पॉलीटेक्निक संस्थानों, सेना, अर्धसैनिक बल, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स, अधिवक्ताओं, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों, स्ट्रीट वेंडर्स,



स्वास्थ्यकर्मियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ की गयी, जिसमें प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया गया। अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि दीर्घकालिक स्वच्छता और हरित विकास की दिशा में ठोस कदम उठाना है। नगर पालिका ने सभी नागरिकों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सफाई निरीक्षक विजय चौधरी, कल्लू चरन, विनोद कुमार, नितिन चरन, मुकेश,श्याम बाबू, माइकल, विवेक चरन,पप्पू लाल, सुनील, राजू, रमेश, सूरज, सपना, वीना, सुन्दरी,पूनम, रिंकू, आयूष सहित उपस्थित रहे।

## अनाज मंडी रामलीला में कैकई कोप भवन का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी गदरपुर में बुधवार की रात पंचम दिवस का मंचन हुआ, जिसमें कैकई कोप भवन का भव्य मंचन किया गया। इन दृश्यों ने पूरे पंडाल का माहौल भावुक बना दिया। रामलीला मंचन में दशरथ की भूमिका श्री अशोक सुधा ने अपने दमदार और भावपूर्ण अभिनय से जीवंत की। श्रीराम का किरदार रोहित पोपली ने शानदार ढंग से निभाया, जबकि लक्ष्मण की भूमिका कशिश खुराना और सीता की भूमिका सागर कालड़ा ने बखूबी प्रस्तुत की। कैकई के रूप में करण कालड़ा ने अद्भुत अभिनय कर सबका ध्यान आकर्षित किया, वहीं सुमित्रा की भूमिका केशव फुटेला और कौशल्या की भूमिका गुलशन शर्मा ने निभाई। विशेष रूप से मंथरा का प्रभावशाली किरदार भी गुलशन शर्मा द्वारा निभाया गया, जिसने प्रसंग को और सजीव बना दिया। मंचन के निर्देशन की



जिम्मेदारी सिद्धार्थ भुसरी ने संभाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने की उन्होंने कहा कि कलाकार बड़ी लगन और मेहनत से मंचन को कर रहे हैं अद्भुत अभिनय किया जा रहा है कलाकारों के द्वारा जबकि महामंत्री अशोक धीर और कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा ने पूरी व्यवस्था को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। मंचन में महावीर दल अध्यक्ष अमित भुड्डी व उनकी टीम ने सराहनीय सहयोग दिया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से राकेश भुसरी, कृष्ण लाल सुधा, सतीश छाबड़ा, ओम प्रकाश अरोड़ा, लेखराज तनेजा, सागर गंडा, अशोक पोपली, मुलख राज अरोड़ा, राजेश अग्रवाल, रविन्द्र वीर सिंह, आदित्य सुखीजा, निर्मल नारंग, अनमोल भुड्डी, अंकुर चावला और सक्षम ग्रोवर शामिल रहे।

## श्रीराम वनवास और दशरथ मरण का भावपूर्ण मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री शिव मंदिर रामलीला कमेटी में बुधवार की रात भव्य मंचन हुआ, जिसमें श्रीराम वनवास और दशरथ मरण जैसे भावुक प्रसंग प्रस्तुत किए गए। रामकथा के इन प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और पूरा पंडाल "जय श्रीराम" के उद्घोष से गूंज उठा। प्रथम दृश्य श्रीराम वनवास में श्रीराम की भूमिका शुभम गगनेजा ने निभाई, जबकि लक्ष्मण का अभिनय यश कालड़ा ने प्रभावशाली ढंग से किया। सीता की भूमिका वंश गुप्ता ने बड़ी सुंदरता से निभाई। कौशल्या के रूप में कुनाल कश्यप और सुमित्रा की भूमिका में निखिल चौहान ने दर्शकों का दिल जीता। द्वितीय दृश्य दशरथ मरण में कैकेई की भूमिका प्रियांशु गुप्ता, दशरथ का दमदार किरदार अक्षित बेहड़, सुमंत का अभिनय विजय कालड़ा और गुरु वशिष्ठ की भूमिका सार्थक हितकारी ने निभाई। सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदार में जान डालकर दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। रामलीला कमेटी के



अध्यक्ष जय कृष्ण अरोड़ा ने बताया कि सभी कलाकारों ने कड़ी मेहनत और लगन से मंचन की तैयारी की है और इसी का परिणाम है कि हर प्रसंग जीवंत प्रतीत होता है। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी रामलीला मंचन का आनंद लेने के लिए उपस्थित रहे। मंचन को देखकर उपस्थित दर्शक गद्गद हो उठे और कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे।

## एनएसएस दिवस पर सनातन धर्म डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस छात्राओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी का डा.चम्पा जग्गा के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। डा. जग्गा ने छात्राओं को एनएसएस दिवस पर विस्तार से



जानकारी देकर इसका उद्देश्य बताया। उन्होने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व व चरित्र का विकास कर उनको समाज सेवा के साथ जोड़ना है। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस लक्ष्य गीत से की गई। छात्रओं ने महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाल कर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. शिल्पा सिंघल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर छात्राओं को सम्बोधित किया। इय मौके पर डा. ज्योति अरोरा,डा. रेखा पनेरू,डा. विद्या,डा. भावना, डा. नेहा, श्रीमती प्रेरणा, श्रीमती नीतू,श्रीमती वदना, श्रीमती सोनिया खुराना, गुजंन सहित सौम्या, शिवानी, अदिति, अकिंता, सोनम आदि छात्रायें मौजूद थी।

## कोऑपरेटिव बैंक परिसर में चला सफाई अभियान

रुद्रपुर। भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के क्रम में ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक में भी प्रात: 8 से 9 बजे तक सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ की संकल्पना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें बैंक के सचिव एवं महाप्रबंधक श्री संदीप कुमार भाटिया के नेतृत्व में सभी बैंक कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैंक मुख्यालय परिसर में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए परिसर की सफाई की। इस दौरान कचरा हटाने, धूल-धक्कड़ साफ करने, तथा कार्यालय कक्षों एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर सचिव एवं महाप्रबंधक संदीप कुमार भाटिया




ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक दैनिक आदत और नागरिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' से प्रेरित होकर हमें अपने कार्यस्थल और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखना चाहिए।

## छात्रों ने किया फिनो पेमेंट्स बैंक का शैक्षिक भ्रमण

सितारगंज। पीएम श्री आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज के कक्षा 9,10,11 एवं 12वीं के छात्रों ने व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत पढ़ाई जाने वाली आईटी कंप्यूटर विषय के तहत फिनो पेमेंट्स बैंक का शैक्षिक भ्रमण कर बैंक में हो रहे ऑनलाइन कार्यों को विस्तृत रूप से जाना द्य कोऑर्डिनेटर श्री जितेंद्र नेगी एवं विद्यालय के श्री डॉ धर्मेंद्र नाथ चौबे व्यावसायिक शिक्षक श्री मो0 सलमान व सचिन शर्मा के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज के कक्षा 9 ,10 ,11 एवं 12वीं के छात्रों फिनों पेमेंट्स बैंक का शैक्षिक भ्रमण किया ।साथ ही छात्रों ने निवेश शिक्षा के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण के दौरान बैंक तथा ऑनलाइन सभी कार्यों को विस्तृत रूप से जाना विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शरद चंद्र पंत ने कहा कि इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कार्यक्षेत्र में कंप्यूटर के प्रयोग से अवगत कराना है।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया पौधारोपण

गदरपुर। "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गदरपुर द्वारा वार्ड संख्या 06, आवास विकास स्थित खुशीराम पार्क में गुरुवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर, अधिशासी अधिकारी एवं सभी सभासदों की मौजूदगी में नागरिकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, पर्यावरण मित्रों और पालिका कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद श्रमदान और वृहद वृक्षारोपण भी किया गया। अभियान में नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी



छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कुल मिलाकर 500 से अधिक छात्र-छात्राओं, करीब 80 पर्यावरण मित्रों, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर समाज में सफाई और हरियाली का संदेश फैलाया। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

रुद्रपुर। एकांत मानववाद के पुरोधा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ने गांधी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर



कार्यकर्ताओं संग माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय करोड़ कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज हम सबके अग्रज जिनके दिखाएं रास्ते पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की अवधारणा के साथ कार्य कर रही है, उनके द्वारा दिए गए अंत्योदय के नारे को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सार्थक करते हुऐ सिद्ध कर के दिखाया है। विधायक अरोरा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे,जिन्होंने जनसंघ की की स्थापना की ओर उसके अल्प अवधि हेतु अध्यक्ष भी रहे और आज वह जनसंघ भाजपा रूपी वट वृक्ष के रूप में बहुत बड़ा आकार ले चुकी है, जिसकी 2014 से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार चल रही है जो गरीब कल्याण के मंत्र को साकार करते हुए जन सेवा का कार्य करते हुऐ देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। सरकार की एक-एक योजनाओं को अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर करने का कार्य कर रही है।इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, पार्षद कैलाश राठौर, राजेंद्र राठौर, बीनू कुमार, गोविन्द राय, गिरीश पाल,सतनाम सिंह, मनोज मदान, महेंद्र आर्य, रेनू जुनेजा, प्रीति धीर, ममता श्रीवास्तव, आरती मौर्य, उर्मिला मिश्रा, मयंक कक्कड़, अनमोल विर्क, अर्पित सिंह, राजीव कामरा, कमल राणा,राज कोली आदि लोग मौजूद रहे।

# पेपर लीक मामले में फूंका भाजपा सरकार का पुतला

लालकुआं (उद संवाददाता)। यूकेएसएसएससी पेपर लीक होने के मामले में भाकपा (माले) द्वारा कार रोड चौराहा बिंदुखत्ता पर राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा का पर्चा आधे घंटे के अंदर ही परीक्षा हाल से बाहर आना साफ सुथरी परीक्षा आयोजित कराने के यूकेएसएस एससी और उत्तराखंड सरकार के दावे पर प्रश्न चिन्ह है। नकल विरोधी कानून के जरिये नकल माफिया पर नकेल कसने के उत्तराखंड सरकार के दावे को भी इस घटना ने तार-तार कर दिया है। एरिया सचिव पुष्कर दुबड़िया ने कहा कि यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया अपनी नाकामी स्वीकार करने के बजाय पेपर आउट होने की तकनीकी परिभाषा समझा कर परीक्षाओं की ईमानदारी से तैयारी करने वाले युवाओं की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहे हैं।किशन बघरी ने कहा कि हम साफसुथरी एवं नकल माफिया के प्रभाव से मुक्त



प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संघर्ष कर रहे सभी युवाओं के साथ हैं।भाकपा माले ने यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया और सचिव को तत्काल पद से हटाने और उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी से लेकर विधानसभा तक पिछले 25 साल में हुई तमाम भर्तियों की उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की।कार्यक्रम में नैन सिंह कोरंगा, गोविन्द जीना, विमला रौथाण, निर्मला शाही, कमल जोशी, हरीश भंडारी, किशन जग्गी, राजन सिंह बोरा, श्याम सिंह बिष्ट, बिशन दत्त जोशी, वीर भद्र भंडारी, त्रिलोक राम, चन्दन राम, आनन्द दानू आदि शामिल थे।

# शिविर में सैकड़ों लोगों की हुई जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगर निगम सभागार में किया गया। जिसमें सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय से आए हुए विभिन्न डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां का वितरण किया गया। महापौर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा नगर निगम



प्रांगण में आयोजित स्वयं सहायता समूह के स्टालों का उद्घाटन कर आरंभ किया गया। स्वयं सहायता समूह द्वारा वोकल फॉर लोकल के अन्तर्गत स्थानीय सामग्रियों का निर्माण कर बिक्री हेतु विभिन्न स्टाल लगाए गए। तदुपरांत महापौर एवं नगर आयुक्त श्रीमती रिचा सिंह ने सभागार में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन फीता काटकर किया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 300 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम में गणेश भट्ट, आलोक उप्रेती सहित नगर निगम के अनेक पार्षद सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री राम ने स्वयंवर में धनुष तोड़ा

किच्छा (उद संवाददाता)।नव युवक कला केंद्र किच्छा के तत्वाधान में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन समाजसेवी वेद गोयल के परिवार ने भगवान श्री गणेश की आरती उतार रामलीला का शुभारंभ किया। पुरानी अनाज मंडी ने चल रही कल तीसरे दिन मंचन के दौरान ताड़का सुबाहु वध,सीता स्वयंवर में



जनकपुरी पहुंचे तमाम देश के राजाओं ने भगवान शिव के धनुष को उठाने का प्रयास किया। लेकिन कोई धनुष को हिला तक न पाया उसके बाद श्री राम ने धनुष तोड़ सीता से विवाह रचाया। उसके पश्चात अचानक जनकपुरी पहुंचे परशुराम ने अपने आराध्य शिव के धनुष को खंडित देख अत्यधिक क्रोध किया और राम और लक्ष्मण के साथ हुए उनके संवाद का जनता ने भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी नारायण एरन, अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल डायरेक्टर डब्बू अग्रवाल दुलीचन्द चांगल अनुज सक्सेना रविश सक्सेना उमेश अग्रवाल रिंकल गुप्ता अंशुल गंगवार, शेखर पांडे,परवीन सेन,सहित तमाम कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# भरत मिलाप की लीला देख दर्शक हुए भाव विभोर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान में बुधवार की लीला में राम केवट संवाद, दशरथ मरण, भरत केकई संवाद व भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। रात्रि लीला में मेरी बाहू सुबहू, अहिल्या उद्धार एवं प्रथम



अमराई मिलन की लीला का मंचन किया गया। लीला में केसरवानी महिला समिति तथा रवि रोटी बैंक के सदस्यों ने रामलीला मंचन में व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। व्यास पूजन विजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पंडित रितेश जोशी ने किया। संचालन समिति से पंकज कपूर, दिनेश गुप्ता,अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता आदि रहे।

# खेड़ा स्थित चामुंडा मंदिर में माता के जागरण की धूम

रुद्रपुर। नवरात्र महोत्सव के अवसर पर खेड़ा स्थित चामुंडा मंदिर में भव्य मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों ने ठुकराल का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की उपासना का पावन पर्व है। मां शक्ति की भक्ति से जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और साहस का संचार होता है। यह उत्सव समाज को एकजुट करता है और हमें धर्म, संस्कृति एवं परंपरा से जोड़े रखता है। मां भगवती का आशीर्वाद सब पर बना रहे, यही मेरी कामना है। जागरण के दौरान पूरी रात भजन-कीर्तन से दरबार गूंजता रहा। भजन गायकों ने माता रानी की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं



को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। देर रात तक भक्त झूमते-गाते रहे और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रात:काल तारा रानी की कथा और माता की आरती सम्पन्न हुई। इसके बाद प्रसाद वितरण कर जागरण का समापन हुआ। इस मौके पर समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, रुद्रा कोली, अंकित बठला सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने भक्ति भाव से मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, कई घायल

## मारपीट में सभासद प्रतिनिधि सलीम बाबा भी घायल

गदरपुर(उद संवाददाता)। घर के मुख्य द्वार पर पैड़ी बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट की घटना में तब्दील हो गया और जिसमें कई लोग घायल हो गए। आरोप है कि इस दौरान महिलाओं से भी अभद्रता की गई। एक पक्ष ने 18 नामजद सहित आठ दस अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद यूनुस निवासी धीमरखेड़ा ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि घर के बाहर पैड़ी बनाने को लेकर गांव के ही कुछ लोग विरोध कर रहे थे इस दौरान किसी प्रकार का विवाद ना हो इसलिए उन्होंने पुलिस को बुलाया था पुलिस उक्त पैड़ी की वीडियोग्राफी कर ले गई थी। आरोप है कि जिसके बाद ग्राम बलखेड़ा व धीमरखेड़ा के कुछ लोगों ने बैठक की और सुबह लगभग 10:30 बजे काफी सारे लोग एक राय होकर घर मे घुस आये और उनके परिवार वालों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे तहरीर में बताया कि महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट भी की गई है जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मोहम्मद यूनुस ने उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम धीमरखेड़ा में दो पक्षों मे हुए विवाद ओर मारपीट में बीच बचाव करा रहे नगर पालिका के सभासद प्रतिनिधि सलीम बाबा भी घायल हो गए हैं सलीम बाबा ने बताया कि ग्राम धीमरखेड़ा में किसी के अंतिम संस्कार की सूचना मिलने पर वहां पहुंचे थे इस दौरान वही हुए दो पक्षों के झगड़े में वह बीच बचाव करा रहे थे इस दौरान लोगों ने उनके साथ भी धक्का मुक्की की जिसमें वह घायल हो गए।

## पेज एक का शेष...

**पेपर लीक मामले में ..**कर्मियों सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार और कांस्टेबल ब्रह्मदत्त जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों पर परीक्षा ड्यूटी के दौरान न तो सतर्कता बरतने का आरोप है और न ही संवेदनशीलता का परिचय देने का। एसएसपी ने यह साफ कर दिया है कि पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे घटनाक्रम की जांच अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को सौंपी गई है। यह टीम हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कार्य करेगी और एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। इस पूरे प्रकरण में मुख्य आरोपी खालिद और उसकी बहन साबिया की गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रारंभिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि परीक्षा शुरू होते ही कुछ ही मिनटों में प्रश्नपत्र के तीन पेज बाहर भेजे गए, जोकि एक संगठित षड्यंत्र की ओर इशारा करता है।

**नामांकन के दौरान..**इससे एम्बुलेंस, स्कूल बसें, रोडवेज बसें और अन्य जरूरी सेवाएं जाम में फंस गईं। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद उपद्रवियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ और जाम का फायदा उठाकर आरोपी भागने में सफल रहे। हालांकि पुलिस ने मौके से दो महिंद्रा थार वाहन जब्त किए हैं, जिनका इस्तेमाल फायरिंग करने वाले आरोपियों द्वारा किया गया था। पुलिस ने प्राप्त साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर जस्सी कचूरा, सतपाल लाहौरिया उर्फ पिंदर, मनप्रीत उर्फ गोपी, अभय सक्सेना उर्फ चाइना, दानिश, गगन रतनपुरिया, चेतन मांगड़, अमृत चीमा, विक्रम, जानी भाटिया, प्रिंस शर्मा, हेमंत उर्फ नोनू मिश्रा, रवि रावत, आकाश यादव, आशीष यादव सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इन पर दंगा करने, फायरिंग, मारपीट, जान से मारने की धमकी, गाली-गलौच, राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित करने, और आवश्यक सेवाओं में विघ्न डालने जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज हुआ है।

**अवैध असलहों के ..**आरोपी के घर दबिश दी। इस कार्रवाई में 35 वर्षीय तरनजीत सिंह के कमरे से तीन अवैध तमंचे 12 बोर और चार जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ये तमंचे उसे लगभग आठ से दस वर्ष पहले किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिए गए थे, जिन्हें उसने अपने घर में रखा था। थाना आईटीआई में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। बरामद तमंचों और कारतूसों के स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है और आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह बिष्ट, कांस्टेबल रमेश बंग्याल, दीपक प्रसाद और चालक ललित चौधरी शामिल थे।

**तहसील में अनियमितताओं ...**रजिस्ट्रार कानूनगो भगवत बिष्ट को भी जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा तत्काल प्रभाव से हल्द्वानी से स्थानांतरित कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि तहसील हल्द्वानी में प्रकाश में आई अनियमितताओं की जांच की जा रही है, जांच पूर्ण होने पर दोषी पाए जाने वाले अन्य कार्मिकों पर भी कार्यवाही की जाएगी । इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ने कहा कि जब पब्लिक शिकायतें हम तक पहुंचती है तो हमें जांच पड़ताल करके कार्रवाई करनी होती है। हल्द्वानी तहसील एक कानून गो के घर से चलने की जब शिकायत मिली तो कुमायूं आयुक्त से इस पर रिपोर्ट देने को कहा गया , रिपोर्ट मिली उसके बाद लापरवाह अधिकारियों पर एक्शन लिया गया है। ये चेतावनी है कि जिला मुख्यालय,तहसील में व्यवस्थाएं नियमानुसार और सुचारू रूप से चलें अन्यथा आगे इससे भी बड़ा एक्शन होगा।

**छात्रसंघ चुनाव में ...**स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर मनमानी नहीं की गई है, बल्कि सभी नामांकन सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और विश्वविद्यालय की नियमावली के अनुरूप जांचे गए हैं। गंगवार ने कहा कि जिन छात्रों को अपनी उपस्थिति संबंधी समस्या पर आपत्ति है, वे प्रत्यावेदन देकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से अपील की कि वे शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखें और चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग करें। उधर नामांकन रद्द होने के बाद धरने पर बैठे छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से इसरार फैजान खान मोहम्मद रेहान, शाहरुख इमरान सैफी नाजिश इस्राविशाहिद सहित कई छात्र-छात्रा उपस्थित थी।

**बड़े बवाल को ...**दिया। हैरत की बात तो यह है कि इतनी बड़ी घटना की गुपचुप तैयारी कर उसे अंजाम भी दे दिया गया और प्रशासन की लोकल इंटेलिजेंस यूनिट को इस तैयारी की भनक भी नहीं लगी । हालांकि काशीपुर की घटना के बाद पुलिस द्वारा बेहद सख्त एक्शन लिया गया और संबंधित लोगों की धर पकड़ भी की गई है तथा रुद्रपुर में हुई फायरिंग की घटना के बाद भी पुलिस आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने में जुटी हुई है, लेकिन ऐसे संवेदनशील मौको पर पुलिस द्वारा बार-बार की जा रही लापरवाही किसी दिन किसी बड़े बवाल का बायस बन सकती है।

**पेपर लीक मामले मे ...**जो पर्दे के पीछे छिपकर समाज की शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम धामी का कहना है कि जनता को भी यह भरोसा दिलाना जरूरी है कि राज्य की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। खालिद की गिरफ्तारी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले दिनों में इस पूरे षड्यंत्र की जड़ें उजागर होकर जनता के सामने होंगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कोई लोड़ पई तां मंगागे नहीं ते शुकर मनावांगें

## शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठ धाम मंदिर में लग रही चौकी में श्रद्धालुओं ने जमकर लगाए ठुमके

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठ धाम मंदिर में आयोजित हो रही माता की चौकी एवं दरबार में सैकड़ो भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर महामाई और बाबा का गुणगान करते हुए जमकर ठुमके लगाए। तृतीय नवरात्र पर श्री बल जी मिष्ठान भंडार एवं केटर्स के स्वामी रविन्द्र वार्ष्णेय के परिवार की ओर से बुधवार को श्री नीलकंठ धाम मंदिर में माता की चौकी एवं दरबार सजाया गया। गंगापुर रोड स्थित श्री नीलकंठ मंदिर धाम में शुरू हुई माता की चौकी और दरबार में सर्वप्रथम ज्योत प्रज्जवलित कर श्री गणेश वंदना,श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा, श्री बालाजी महाराज, श्री भैरवनाथ और श्री प्रेतराज की आरती के साथ शुरू हुए दरबार में माता रानी, भोलेनाथ बालाजी महाराज के सुंदर-सुंदर भजन का गुणगान कर उपस्थित भक्तों को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। दरबार में भजन गायक सुमित वार्ष्णेय ने दिल करदा मईया जी मेरा दिल करदा ,कोई लोड़ पई तां मंगा गे नही ते शुकर मनावां गें। विनीत अरोरा ने कालका माँ मुझे तेरी जरूरत है,जय जय जय बजरंग बली। पवन खनिजो ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है,तू भीख ना देगी तो मैं शोर मचा दूंगा। वंशिका मनोचा ने आज्ञा नही है माँ मुझे किसी ओर काम की,गुफा सुहानी विच्च महारानी सहित कई भजन सुनाते हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दरबार में महंत विकास शर्मा पर आई भोले बाबा, माता रानी और बाला जी महाराज की शक्तियों से भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त कर सुख शांति की कामना की। दरबार में जगदीश बठला,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, विवेक दीप सिंह, सोनू, अमित अरोड़ा बॉबी, आकाश कटारिया, सचिन खुराना, राजन राठौड़, सुनील ठुकराल,सीए करुण गुप्ता,पम्मी सुखीजा, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग,समीर गौड,मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, दीपक शर्मा,राजीव मनोचा,अनुज शर्मा, रोहित मदान, देवेंद्र गिरी,मुकेश शर्मा, चंदन सक्सेना, अमन खुराना, दीपक पुंशी,हरजीत राठी, पवन खनिजों, पवन रंगीला, सुशील नारंग, राघव बठला, गौरव खुराना, सोनू,संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रवींद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, संगीता बठला, सिमरन बठला, कंचन नारंग,पूनम मदान,नीलू खुराना, गीता शर्मा,भूमिका शर्मा,सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला रेशू सक्सेना,श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, गुरमीत कौर,इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी,राम बेटी, चिका शर्मा, शालू राठी, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त भक्तानिया मौजूद थी।










## नगर निगम रुद्रपुर पार्षद संघ का गठन, राजेश जग्गा बने अध्यक्ष





रुद्रपुर। नगर निगम क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर नगर निगम रुद्रपुर के सभी पार्षदों की एक अहम बैठक बुधवार को सिटी क्लब में आयोजित हुई। बैठक में निगम की कार्यप्रणाली, शहर की बुनियादी सुविधाओं और जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि जनता की आवाज को और सशक्त बनाने तथा पार्षदों की एकजुटता को मजबूत करने के लिए एक साझा मंच की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी क्रम में सर्वसम्मति से नगर निगम रुद्रपुर पार्षद संघ गठित करने का निर्णय लिया गया। पार्षद संघ के लिए सर्वसम्मति से वार्ड संख्या 38 के पार्षद राजेश कुमार जग्गा को संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सभी पार्षदों ने विश्वास व्यक्त किया कि संघ के गठन से न केवल निगम की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान की गति भी तेज होगी। पार्षदों का मानना है कि यह संघ नगर क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पार्षदों ने कहा कि आने वाले समय में पार्षद संघ शहर के बुनियादी ढांचे, स्वच्छता, पेयजल, यातायात, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर काम करेगा। साथ ही नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में भी यह संघ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में पार्षद राजेन्द्र राठौर, शिव कुमार, सौरभ, सुनील कुमार, पवन राणा, गिरीश पाल, वीनू, विष्णु, राधेश शर्मा, चन्द्रसेन कोली, गोविंद राय, संतोष गुप्ता, दर्शन कोली, नुरूद्दीन, एमपी मौर्य, महेन्द्री शर्मा, नीतू, मुकेश रस्तौगी, शालू पाल, निमित शर्मा, पूजा मुंजाल, कैलाश राठौर, सुशील चौहान सहित बड़ी संख्या में पार्षद मौजूद रहे।

## देवभूमि आइकॉन अवार्ड 2025 का आयोजन 4 अक्टूबर को गदरपुर में

गदरपुर। कुमाऊँ केसरी और आल्डो फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित देवभूमि आइकॉन अवार्ड 2025 का आयोजन 4 अक्टूबर को गदरपुर स्थित बजाज कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होने वाले इस भव्य आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप फुटेला ने बताया कि इस कार्यक्रम में इस बार विशेष आकर्षण योग और अध्यात्म का संगम होगा। योगाचार्य सोहित योगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। सोहित योगी लंबे समय से योग और ध्यान साधना के क्षेत्र में सक्रिय हैं और देश-विदेश में हजारों लोगों को योग की शिक्षा देकर उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की राह दिखा रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में उनकी मौजूदगी से आयोजन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। देवभूमि आइकॉन अवार्ड की श्रेणियों में एनजीओ, बिजनेस, स्पोर्ट्स आइकॉन, पर्यावरण, साहित्य रत्न, समाजसेवी, देवभूमि आइकॉन, महिला सशक्तिकरण, प्रेरणादायी व्यक्तित्व, श्रेष्ठ पत्रकार (इन्फ्लुएंसर), उद्यमी, नृत्य एवं परफॉर्मिंग आर्ट्स, शिक्षा में योगदान और स्वास्थ्य सेवा में योगदान शामिल हैं। इस अवार्ड समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के चुनिंदा लोगों को उनकी सेवाओं और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा, जबकि आचार्य प्रदीप योगी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जो इसे और आकर्षक बनाएंगी।




